महत्वपूर्ण एवं खास

बेलबंधा पहाड़ में मौजूद हैं हाथियों का दल

कोरबा (आरएनएस)। जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथी समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां के केंदई रेंज के बेलबंधा पहाड़ में 43 हाथी पिछले 4 दिनों से विचरण कर रहे हैं। हाथियों ने फिलहाल यहां कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग का अमला सतर्क हो गया है तथा हाथियों की लगातार निगरानी कर रहा है। इससे पहले हाथियों ने लगभग एक सप्ताह तक पसान रेंज में भारी उत्पात मचाकर वन विभाग के साथ-साथ ग्रामीणों के नाकों में दम कर दिया था। हाथियों के उत्पात से क्षेत्रवासी काफी दहशत में थे। उत्पात के दौरान हाथियों ने हमला कर एक वृद्धा को मौत के घाट भी उतार दिया था। इतना ही नहीं आधा दर्जन मवेशियों की जान भी ले ली थी।

युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

कोरबा (आरएनएस)। गजरा बस्ती निवासी स्व.चंदराम कुर्रे की 22 वर्षीय पुत्री रंजना कुर्रे का शव फंसी के फंदे पर लटका मिला। इसकी जानकारी परिजनों को होने पर घर में कोहराम मच गया। इस घटना की सूचना तत्काल बांकी थाना पुलिस को दी गई। बांकी पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना कार्रवाई शुरू कर दी है। बटीआई राजेश जांगड़े ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद तथा परिजनों से पूछताछ उपरांत ही स्पष्ट किया जा सकता है। मृतका के शव को पीएम के लिए स्थानीय पीएचसी के चीरघर भिजवा दिया गया।

एएसआई से तंग आकर पंचायत सचिव ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जाने पूरी खबर

रायपुर (आरएनएस)। तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र के खरौरा में पंचायत सचिव ओंकार प्रसाद वर्मा 56 वर्ष ने 26 दिसंबर को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के मुताबिक, ग्राम पंचायत रजिया के पंचायत सचिव ने अपने घर देवरी में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो छत पर लगे लोहे के सरिए में रस्सी के सहारे शव लटक रहा था। पुलिस ने शव को उतरवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। मरने से पहले पंचायत सचिव ने अपने परिचितों को वॉट्सऐप पर 2 पेज का सुसाइड नोट भेजा है। इसमें पंचायत सचिव ने तिल्दा नेवरा थाने में पदस्थ एएसआई रमेश कुमार शर्मा से तंग आकर खुदकुशी करने की बात लिखी है। इसके बाद एएसआई को लाइन अटैच कर दिया गया है।

अंबाला में हुए सड़क हादसे में छग के दो लोगों की मौत

रायपुर (आरएनएस)। हरियाणा के अंबाला जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में 05 लोगों की मौत हो गई, वहीं करीब 10 लोग घायल हो गए। मृतकों में 02 लोग छत्तीसगढ़ के रहने वाले थे। मिली जानकारी के मुताबिक तड़के करीब 3 बजे के आसपास 03 यात्री बसें आपसे में टकरा गई। तीनों बसे कटरा से दिल्ली की तरफ जा रही थीं। इस हादसे में बस में सवार छत्तीसगढ़ निवासी मीना देवी 44 वर्ष एवं रोहित 53 वर्ष के अलावा अन्य 03 लोगों की मौत हो गई। सभी शवों को अंबाला के अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया गया है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त सभी सवारी सो रहे थे। सबसे आगे चल रही बस के अचानक रुकते ही सभी बसें आपस में टकरा गई।

गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार, 3 किलों 500 ग्राम गांजा जब्त

जांजगीर (आरएनएस)। जिले के सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में दो लड़को को को गांजा बेचने के फिराक में घूमते देख पुलिस ने पकड़ लिया है। दोनों युवक बिलासपुर में पीएससी की तैयारी कर रहे हैं। अपना जेब खर्च निकालने के लिए दोनों गांजा लेकर खपाने निकले थे। उनके पास से साढ़े 3 किलो गांजा बरामद किया गया है। पूछताछ में पता चला कि विजेंद्र भारद्वाज पिता काशीराम और विजय यादव पिता फत्तू राम जांजगीर-चांपा जिले के जैजैपुर थाना क्षेत्र के बोड़सरा के रहने वाले हैं। दोनों यहां टिकरापारा-दयालबंद में किराए के रूम में रहते हैं और क्लास परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ने गांजा व बाइक को जब्त कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

तेज रफ्तार तीन बसें आपस में टकराई, पांच की मौत दस लोग घायल

रायपुर (आरएनएस)। दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे पर 27 दिसंबर को सुबह सद्दोपुर के निकट तेज रफ्तार तीन बसें आपस में टकरा गई। इस हादसें में पांच लोगों की मौत हो गई तथा 10 लोग घायल हो गए। इस हादसे में मरने वालों में छत्तीसगढ़ के दो लोग हैं। इनमे कोरबा के कुम्हार पास उमरेली की मीना पत्नी फिरत सिंह, जांजगीर-चांपा के नीम चौरा पारा सकरा के रोहित पुत्र बरतराम सिंहमार शामिल हैं। ये लोग बस में किसी काम के लिए जा रहे थे, इसकी जानकारी नही मिल सकी है। सुबह कोहरे के कारण बस चालकों को सामने से आने वाली बसें दिख नहीं रही थी। एक बस के चालक को नींद आने पर उसने सड़क किनारे बस को रोक दी। उसी समय पीछे से आ रही दो बसे उससे भिड़ गई। हादसे में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के गांव भटवलिया के राहुल कुमार व उसके भाई प्रदीप कुमार पुत्र सुरेश राजभर की मौत हो गई। पांचवें की पहचान नहीं हो पाई है।

तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी 6 घायल 3 गंभीर

सुकमा (आरएनएस)। जिले के कोंटा में देर रात जगदलपुर से आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा जा रही गुप्ता ट्रेवेल्स की तेज रफ्तार एक यात्री बस कोहरे के चलते अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार 06 यात्री घायल हुए हैं, जिसमें 3 यात्रियों की हालत गंभीर है। घायल यात्रियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यात्रियों से पूरी तरह भरी हुई गुप्ता ट्रेवेल्स की बस जगदलपुर से रात करीब 09 बजे विजयवाड़ा के लिए रवाना हुई थी। रात करीब 01 बजे बस सुकमा जिले के कोंटा में ग्राम असिरगुड़ा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बस के पलटने से शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से यात्रियों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां 03 यात्रियों की हालत गंभीर होने से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि घने कोहरे में तेज रफ्तार के कारण चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख सका जिसके परिणाम स्वरूप यह हादसा हुआ।

तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से बालक की मौत, चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

गरियाबंद (आरएनएस)। जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार यात्री बस ने 13 साल के बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। वह अपने दादा के साथ घर वापस लौट रहा था। वहीं उसके दादा की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, तरजूंगा निवासी पारस ध्रुव 57 वर्ष बाइक से रविवार शाम को अपने पोते कुलदीप 13 वर्ष के साथ फिंगेश्वर से वापस अपने घर तरजूंगा लौट रहा था। इस दौरान वे फिंगेश्वर-महासमुंद मार्ग पर हे थे कि सामने से आ रही यात्री बस ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे कुलदीप वहीं नीचे काफी तेजी से गिरा और उसकी मौत हो गई। आस-पास के लोगों ने बताया कि सड़क पर गिरते ही कुलदीप के सिर से काफी खून बह गया था। पारस भी काफी चोटिल हो गया था। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया है। वहीं पारस को प्राथमिक उपचार के बाद किसी दूसरे अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।घटना के बाद फिंगेश्वर पुलिस को भी जानकारी दी गई थी। खबर लगते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इधर, बस चालक ने थाने में जाकर खुद ही सरेंडर कर दिया है। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है। बस को भी जब्त कर लिया गया है।

छत्तीसगढ़ में कोरोना टीकाकरण के लिए पात्र 60 प्रतिशत आबादी को दोनों टीके लगे

» 1.87 करोड़ लोगों को कोरोना वैक्सीन की पहली खुराक, 1.18 करोड़ को दोनों टीके लगाए गए

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कोरोना टीकाकरण के लिए पात्र 60 प्रतिशत आबादी को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। वहीं 95 प्रतिशत लोगों ने इसका पहला टीका लगवा लिया है। कोरोना वैक्सीन की पहली और दूसरी खुराक को मिलाकर प्रदेश में अब तक (26 दिसम्बर तक) तीन करोड़ पांच लाख 43 हजार 504 टीके लगाए गए हैं।

प्रदेश में एक करोड़ 87 लाख 47 हजार 763 लोगों को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। पहले डोज के शत-प्रतिशत कवरेज से प्रदेश अब केवल पांच प्रतिशत दूर है। प्रदेश में कोरोना टीकाकरण के लिए पात्र लोगों की संख्या एक करोड़ 96 लाख 51 हजार है।

राज्य के 60 प्रतिशत नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिए दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। यहां एक करोड़ 17 लाख 95 हजार 741 लोगों को इसके दोनों टीके लग चुके हैं। कोरोना टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य जल्द हासिल करने के लिए प्रदेश भर में तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। राज्य में विगत 1 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की शुरूआत के बाद खरीदी केंद्रों में भी कोरोनारोधी टीका लगाया जा रहा है।

तेलगांना-छत्तीसगढ़ की सीमा पर नक्सलियों से जवानों की हुई मुठभेड़, 6 नक्सली मारे गए

» पेसलपांडु के जंगलों में हुई मुठभेड़

सुकमा (आरएनएस)। तेलंगाना छत्तीसगढ़ सीमा पर पेसलपाडु के जंगलों में नक्सलियों और जवानों के बीच ज़बरदस्त मुठभेड़ हो गई है। इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आ रही है। जिस स्थान पर मुठभेड़ हुई है वहां से 6 नक्सलियों के शव बरामद किए

गए हैं। लेकिन सूत्रों के अनुसार मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है, रविवार रात को किस्टारम डीआरजी, तेलांगना की ग्रे-हाउंड्स फ़ोर्स, सीआरपीएफ 141 बटालियन व कोथागुडम जिला बल संयुक्त आपरेशन में निकली थी। सोमवार सुबह 7 बजे पेसालापाडू के जंगल मे नक्सलियों के साथ जबरदस्त मुड़भेड़ हुई, जिसमें 6 नक्सली मारे गए।

दोपहर से लाए जा रहे हैं नक्सलियों के शवः

6 नक्सलियों के शव सुकमा जिला मुख्यालय लाए जा रहें हैं, 4 महिला नक्सली व 2 पुरुष नक्सली हुए मुड़भेड़ में ढ़ेर

मौके से 4 रॉकेट लांचर, 2 थ्री नॉट थ्री राइफ्ल, 3 भरमार सहित भारी मात्रा में नक्सल सामाग्री बरामद की गई है

रविवार रात को किस्टारम डीआरजी, तेलांगना की ग्रे-हाउंड्स फ़ोर्स, सीआरपीएफ 141 बटालियन व कोथागुडम जिला बल संयुक्त आपरेशन में निकली थी।

तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई : 1 की मौत, 1 घायल

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर जिले के खरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खौना में रविवार की रात 8 बजे के करीब बाइक से जा रहे दो युवक अनियंत्रित होकर सड़क किराने पेड़ से टकरा गए। जिससे एक की मौत हो गई तथा पीछे बैठा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम छपोरा रायपुर निवासी रुस्तंम टण्डन ने खरोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि प्रार्थी के गांव का रवि कुमार सोनवानी , आशीष धुव व चदंन कुर्रे सभी दो मोटर सायकल मे छपोरा से खौना जयती पोग्राम देखने 26 दिसंबर रविवार को करीबन 19.30 बजे रात्री निकले थे मोटर सायकल क्रमाक सीजी 04 एमआर 4418 को रवि सोनवानी चला रहा था व पिछे आशीष धुव बैठा था तथा मोटर एक अन्य मोटरसाइकिल में प्रार्थी व के साथ चंदन कुर्रे बैठा था कि रात करीबन 21.30 बजे सारागांव निलजा मोड के पास रवि की मोटर सायकल तेज रफ्तार होने के कारण अनियत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे रवि सोनवानी तथा आशीष धुव को गंभीर चोट लगने से दोनों बेहोश हो गए। 108 एम्बुलेस के माधयम से सीएचसी अस्पताल खरोरा में भर्ती कराने पर डाक्टरों ने चेक किया तो रवि की मृत्यु हो जाना बताया वहीं आशीष को एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां उसका इलाज जारी है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने मर्ग कायम कर धारा 279,304 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

कोरबा (आरएनएस)। उरगा-हाटी मुख्य मार्ग पर करतला बस स्टेण्ड में तेज़ रफ्तार से विपरीत दिशा की ओर से आ रही मारुति वैन क्रमांक सीजी 04 एच बी 3698 ने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 13 ए एन 7982 पर बैठे दो युवक को ठोकर मार दी। दोनो गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। घटना स्थल पर लोंगो की भीड़ एकत्रित हो गई। घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने करतला सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती कराया। जांच उपरान्त कोरबा रिफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक करतला बस स्टेण्ड पर करतला निवासी चन्दरदत्त पिता ललित राठिया 26 वर्ष और हिमांचल पिता रघुनन्दन राठिया 18 वर्ष दोनो सड़क किनारे मोटरसाइकिल पर खड़े थे कि उरगा की ओर से मारुति वैन विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से खड़े मोटरसाइकिल सवार दोनो युवकों को ठोकर मारते हुए दस मीटर तक घसीटा। दोनो घायल युवक सरपंच परिवार के है, वे क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेने कही जा रहे थे।

रेल सुविधाओं की मांग के लिए बस्तर सांसद कल करेंगे सत्याग्रह

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर में रेल सुविधाओं की मांगों को पूरा करने में हो रही देरी के विरोध में बस्तर सांसद दीपक बैज जगदलपुर के रेलवे स्टेशन में मंगलवार 28 दिसंबर को एक दिन का सत्याग्रह करते हुए प्रदर्शन करेंगे। इसे लेकर उन्होंने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भी लिखा है। धरना पत्र में बस्तर सांसद बैज ने कहा है कि रेल मंत्रालय बस्तर जैसे आकांक्षी जिलों के संभाग में रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए गंभीर नहीं है। 23 सितंबर को वाल्टेयर रेलमंडल ने हावड़ा-जगदलपुर सम्लेश्वरी एक्सप्रेस को शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन 03 महीने बाद भी इसे शुरू नहीं किया जा सका इधर विशाखापट्नम-किरंदुल एक्सप्रेस को भी सप्ताह में दिन ही चलाया जा रहा है। अलावा फरवरी 2019 से दुर्ग-जगदलपुर एक्सप्रेस को भी बिना कारण के बंद कर दिया गया। तीन सालों से जगदलपुर रेलवे स्टेशन में वाशिंग लाइन का निर्माण भी अधूरा छोड़ दिया गया है। उन्होंने मांग करते कहा कि सम्लेश्वरी एक्सप्रेस को दोबारा शुरू करने के साथ ही नाइट एक्सप्रेस को हफ्ते में सातों दिन चलाने और दुर्ग-जगदलपुर एक्सप्रेस को दोबारा शुरू किया जाए, जिसका फायदा बस्तर के लोगों को मिल सके।

शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी-मुख्यमंत्री बघेल

» मुख्यमंत्री ने कालीचरण द्वारा महात्मा गांधी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जतायी

» कहा-मामले में सख्त प्रशासनिक कार्रवाई होगी

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साधु कालीचरण द्वारा महात्मा गांधी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि शांति व्यवस्था बिगाड़ने एवं लोगों के बीच में जहर घोलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

बघेल ने आज यहां मीडिया से बातचीत करते हुए साधु कालीचरण द्वारा महात्मा गांधी के खिलाफ की गई टिप्पणी पर दो टूक में कहा कि इस मामले को लेकर सख्त प्रशासनिक कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि एफआईआर हो चुका है, और अब विधिसम्मत कार्रवाई के लिए प्रशासन सख्त कदम अख्तियार करेगा। उन्होंने कहा कि समाज में जहर घोलने वालों के खिलाफ हर तरह की सख्ती की जाएगी।

बघेल ने आज एक ट्वीट भी किया है जिसमें उन्होंने कहा कि बापू को गाली देकर, समाज में विषय वमन करके अगर किसी पाखंडी को लगता है कि वो अपने मंसूबों में कामयाब हो जाएंगे, तो उनका भ्रम है। भारत और सनातन संस्कृति दोनों की आत्मा पर चोट करने की जो भी कोशिश करेगा न ही उन्हें संविधान बख्शेगा और न ही जनता स्वीकार करेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के लिए अपशब्दों का प्रयोग करने वाले हिंदुत्ववादी कालीचरण के विरूद्ध थाने में अपराध दर्ज किया गया है।

डूमरपाली को मिली साढ़े बारह लाख रूपए के विकास कार्यों की सौगात

» संसदीय सचिव ने किया विकास कार्यों के लिए भूमिपूजन

» क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराना पहली प्राथमिकता-विनोद

महासमुंद (आरएनएस)। ग्राम पंचायत डूमरपाली के आश्रित ग्राम रामपुर में साढ़े बारह लाख रूपए के विकास कार्यों की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने सीसी रोड निर्माण व सांस्कृतिक भवन निर्माण व सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इस दौरान संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता रही है। जिसे पूरा करने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

रविवार को यहाँ भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के सदस्य मोहित ध्रुव ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, वरिष्ठ नेता अरूण चंद्राकर, सीटू सलूजा, वीरेंद्र चंद्राकर, मयाराम टंडन, कमलेश चंद्राकर, आलोक नायक, सोनू राज, रमन ठाकुर, खोम सिन्हा, दिलीप चंद्राकर, लोकेश चंद्राकर मौजूद थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि विधायक निर्वाचित होने के बाद क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी पहली प्राथमिकता रही है। जिसे पूरा करने हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। आज यहां करीब साढ़े 12 लाख रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया है और इन कार्यों का लाभ जल्द ही आम जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा क्षेत्र के विकास को लेकर पूरा ध्यान दिया जा रहा है। मुखिया भूपेश बघेल की कृपादृष्टि की बदौलत ही आज क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुष्पा पटेल, हेमलता ध्रुव, कुलेश्वर पटेल, पुनाराम ध्रुव, जीतराम पटेल, सुरेश ठाकुर, तुलाराम पटेल, सोनसिंह, सोहद्रा बरिहा, सुभिया ध्रुव, मलिश्वरी ध्रुव, हेमबाई ध्रुव, कांतिबाई बरिहा, शाम बाई चौहान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के तंत्रवक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अत्याचार मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित शासन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं तकनीकी तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन उच्च पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा तकनीकी शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU